न्यूज ब्रीफ

ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक से टकराकर पलटा, महिला की मौत

दमोह। जिले के बटियागढ़- छतरपुर सड़क मार्ग पर गेवलारी की पुलिया पर एक ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवार को पीछे से टक्कर के साथ ही ट्रक पुलिया से होते हुए पलट गया। जानकारी के अनुसार इस घटना में बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई और बाइक चालक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

दिनभर छाए रहे बादल, सर्रा में हुई झमाझम बारिश

दमोह। जिले में भी पिछले दिनों से मौसम ने करवट ले ली है। आसमान में बादल छाए हैं और बीच- बीच में बारिश भी हो रही है। वातावरण में ठंडक आ चुकी है पर किसानों के चेहरों पर खुशी झलक रही है। गुरुवार को जिले के सर्रा ग्राम में दिन में तेज बारिश हुई। स्थानीय निवासी मानसिंह ने बताया कि यह पानी फसलों के लिए बहुत लाभदायक है और जंगल क्षेत्र होने के कारण यहां बारिश भी अच्छी होती है।
बीते 24 घंटे में अनूपपुर जिले

जिल में 7.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में बीते 24 घंटे में 7.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 8.3, कोतमा में 5, बिजुरी में 7, जैतहरी में 7.2, वेंकटनगर में 5.9, पुष्पराजगढ़ में 6.2, अमरकंटक में 10 तथा बेनीबारी में 13.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

सेवानिवृत्ति पर एसईसीएल कर्मचारी गजेंद्र प्रताप सिंह को दी गई विदाई

अनूपपुर। कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में कार्यरत गजेंद्र प्रताप सिंह एसईसीएल में 40 वर्ष सकुशल सेवा पूर्ण कर 30 नवंबर को सेवानिवृत होने पर आमडाड खुली खदान परियोजना क्षेत्र में विदाई कार्यक्रम किया गया। क्षेत्र के अधिकारी उप क्षेत्रीय प्रबंधक बिपिन कुमार ने उन्हें जीवन काल आनंद में हो ऐसी कामना के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर क्षेत्र के प्रबंधक/यंत्री एवं फोरमैन एवं श्रमिक नेता उपस्थित थे। क्षेत्र के श्रमिक नेता विजय सिंह लाल बहादुर जायसवाल नरेश शर्मा राजेश शर्मा कौशल्याधीश द्विवेदी सतीश प्रताप सिंह कई यूनियन के श्रमिक नेता उपस्थित रहे। दैनिक नेताओं ने श्री सिंह के उज्जवल स्वास्थ्य एवं आनंद में जीवन की शुभकामनाएं दी। गजेंद्र प्रताप सिंह के सेवानिवृत होने पर उपस्थित जनों ने उन्हें सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा करने के लिए बधाई दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गजेंद्र प्रताप सिंह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ कोल इंडिया को अपना सहयोग प्रदान किया है।

नगर निगम आयुक्त विनोद शुक्ल ने बैठक में अधिकारियों – कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी
मो.नं. 9584049557

नगर पालिक निगम कटनी में 30 नवंबर को प्रातः साढ़े दस बजे आयुक्त कक्ष में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा कृषि उपज मंडी के मतगणना स्थल की समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई । कलेक्टर के निर्देशानुसार निगमायुक्त श्री शुक्ल द्वारा मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी परिसर में महिला एवं पुरूष शौचालयध्मूत्रालयों की विशेष साफण्सफाई की समुचित व्यवस्था हेतु पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने एवं महिला प्रसाधन के लिए महिला कर्मचारी की ड्यूटी लगाये जानेए पेयजल काउंटर्स के लिए स्थल चयन करते हुये सभी काउन्टरों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने भीड़ वाले स्थल, वाहन पार्किंग स्थल आदि में टोंटी वाला पानी टैंकर उपलब्ध कराने, नगर निगम के सभी फायर ब्रिगेड मय स्टाफ के ड्रेस कोड में समय पर उपस्थित होने, प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के लिए मतगणना स्थल में अग्निशामक यंत्र उपलब्ध कराने तथा आवश्यकतानुसार फ्लड एलईडी लाइट लगाकर प्रकाश की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने, मतगणना स्थल में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था करने, मोबाईल रखने हेतु काउन्टरों में आवश्यक व्यवस्था कराने एवं मीडिया सेंटर में पेयजल तथा नगर निगम हेतु निर्धारित काउंटर में कम्प्यूटर प्रिंटर आदि की समुचित व्यवस्था कराये जाने के सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा, सुनील सिंह, आदेश जैन, अनिल जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, मृदुल श्रीवास्तव जयंत प्रताप सिंह बघेल, पवन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पयासी, मोना करेरा, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद पयासी एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

निगमायुक्त ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

कटनी। विधानसभा चुनाव 2023 के लिये मतदान के बाद मतगणना की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी में समुचित व्यवस्था के लिये निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के साथ मंडी स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं समक्ष में संबंधित अधिकारियों को संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये।

तीन दिसंबर के लिए यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

पीपुल्स संवाददाता ● दमोह
editor@peoplessamachar.co.in

विधानसभा निर्वाचन 2023 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर दमोह में संपन्न होगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने बताया यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

अधिकारी–कर्मचारियों के प्रवेश एवं पार्किगं व्यवस्था

मतगणना कार्य मे लगे सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जबलपुर नाका से किशन तलैया मोड़ से लेफ्ट टर्न लेकर गेट नं 01 के सामने रिक्त मैदान मे वाहन पार्क करेंगे एवं गेट नं 01 से प्रवेश करेंगे। जबलपुर नाका में प्रवेश पत्र (ड्यूटी कार्ड) दिखाने के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।राजनैतिक दल के प्रत्याशी मतगणना एजेंट आदि को प्रवेश एवं पार्किंग राजनैतिक दल के प्रत्याशी, मतगणना एजेन्ट आदि जबलपुर नाका से किशन तलैया सुखसागर ढाबा होते हुए फारेस्ट ऑफिस के बाजू से अंदर वन विभाग की रिक्त भूमि पर वाहन पार्क करेंगें एवं गेट नं 03 से पास दिखाने के उपरांत मतगणना स्थल हेतु प्रवेश करेंगें तथा पॉलिटेक्निक भवन में विधानसभा वार प्रवेश करेंगे। जबलपुर नाका में प्रवेश पत्र दिखाने के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

डायवर्सन प्वाइंट

मारुताल बाइपास, सुख सागर ढाबा, जबलपुरनाका बाइपास, बस स्टैंड चौराहा, किल्लाई नाका एवं सेन्ट्रल स्कूल दमोह।जबलपुर नाका बाइपास से मारुताल बाइपास तक दोनो रोड नो व्हीकल जोन रहेंगे।

प्रवेश एवं पार्किगं व्यवस्था

प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठतम अधिकारी गेट नं 02 से प्रवेश करेंगे एवं गेट के पीछे राइट साइड मे मैदान मे दीवार कि ओर वाहन पार्क करेंगे। फिक्स प्वाइंट एवं डायवर्सन प्वाइंट जबलपुर तरफ जाने वाले सभी प्रकार की बस, लोडिंग वाहन बस स्टैंड चौराहे से किल्लाईनाका, सेंट्रल स्कूल वालाकोट वायपास, मारुताल बाइपास होते हुए जबलपुर तरफ जा सकेंगे एवं इसी प्रकार जबलपुर तरफ से दमोह आ सकेंगे। सभी प्रकार के चार पहिया, तीन पहिया, दो पहिया वाहन जिन्हे जबलपुरनाका से मारुताल बाइपास तरफ जाना है, वह जबलपुरनाका से राइट टर्न लेकर पुलिस कंट्रोल रुम के बाजू से शिवनगर, आमचौपरा होते हुए बरपटी बायपास निकलेंगे या जबलपुर नाका से सेंट जोन्स स्कूल होते हुए सेंट्रल स्कूल, बालाकोट बाईपास, मारूताल बाईपास होते हुए जा सकेगें। जबलपुर तरफ से आने वाले सभी चार पहिया, तीन पहिया एवं दो पहिया वाहन मारुताल बाइपास से लेफ्ट टर्न लेकर बालाकोट बायपास से शहर मे प्रवेश करेंगे ।

गुलवारा में बाइक और स्कूटी के बीच भिड़ंत, युवक की मौत, महिला घायल

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी
editor@peoplessamachar.co.in

सड़क पर मृत पड़े जानवर से बच कर निकलने का प्रयास करते हुए एक बाइक सवार युवक और स्कूटी सवार महिला के वाहन सीधे जा टकराए। हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की खबर सामने आई है। जबकि स्कूटी सवार महिला को चोटें आने के कारण स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया है। स्थानीय नागरिकों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम गनियारी में एक बाइक सवार युवक और सामने से आ रही स्कूटी सवार महिला की गाड़ियां सीधे आपस में टकरा गई। बताया जाता है कि सड़क में एक जानवर मरा हुआ पड़ा था जिससे बचकर निकलने का प्रयास करते हुए वाहन चालकों की आपस में टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है, जबकि महिला घायल है। खबर लिखे जाने तक मृतक युवक एवं घायल महिला का नाम उजागर नहीं हो सका था और ना ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंच सकी थी।

खराब परीक्षा परिणाम वाले 10 स्कूल प्राचार्यों को कलेक्टर ने किया तलब

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी
editor@peoplessamachar.co.in

हायर सेकेन्डरी और हाई स्कूल परीक्षा 2022-23 के खराब परीक्षा परिणाम वाले दस प्राचार्यों को कलेक्टर अवि प्रसाद ने परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु तैयार की गई कार्ययोजना के साथ 1 दिसंबर को शाम 5:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होने के निर्देश डीईओ ने दिए हैं।

कलेक्टर श्री प्रसाद इस दिन खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्या द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना की वन-टू-वन समीक्षा करेंगे और मिशन- 45 के तहत परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु दिशा-निर्देश देंगे।सत्र 2022-23 में खराब परीक्षा परिणाम वाले शासकीय हायर सकेन्डरी स्कूल के पांच प्राचार्यो में सभी का परीक्षा परिणाम 10 प्रतिशत से कम है। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशपुर के प्राचार्य मदनलाल चौधरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहुडी के प्राचार्य राजेश लोधी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचौया के प्राचार्य वर्षा बर्मन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के प्राचार्य रामबहोरी बहेली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसरी इंदौर के प्राचार्य सोमनाथ पटेल को तलब किया गया है।

ये हैं हाईस्कूल के प्राचार्य

सत्र 2022–23 में खराब परीक्षा परिणाम वाले शासकीय हाई स्कूल के पांच प्राचार्यो में सभी का परीक्षा परिणाम 22 प्रतिशत से कम है। इनमें शासकीय हाई स्कूल रोहनिया के प्राचार्य जे.के.शुक्ला, शासकीय हाई स्कूल बिजौरी चंद्रिका प्रसाद महोबिया, शासकीय हाई स्कूल कोठी के प्राचार्य वीरन सिंह, शासकीय हाई स्कूल पिंडरई के प्राचार्य रामकेश पटेल और शासकीय हाई स्कूल रजरवारा के प्राचार्य के.एस.सैमा को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तलब किया गया है।

सागौनीकला से ऊमरघाट तक नहीं है पक्की सड़क, ग्रामीण हो रहे परेशान

पीपुल्स संवाददाता ● दमोह
मो.नं. 8435502322

शहर के लगभग 30 किमी दूर ग्राम सागौनीकला से ऊमरघाट ग्राम तक जाने के लिए अब तक पक्का सड़क मार्ग नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अरविंद,अजय ने बताया कि गांव में ही सड़क मार्ग पर पानी भरा रहता है जिससे निकलना मुश्किल होता है और छोटे बच्चों,बीमार,बुजुर्ग भी परेशान होते है पर कोई ध्यान नहीं देता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश सिंह का कहना था कि करीब 1600 मीटर की सड़क बनना है पर कहीं कहीं किसानों ने जमीन दबा ली है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

कटनी । स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को स्लीमनाबाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बुधवार को न्यायलय में आरोपी को पेश किया, जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि 28 नवंबर को पीडिता द्वारा थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की पतासाजी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी 23 वर्षीय को 24 घंटे में दबोच लिया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 376, 376-3, 323, 506 पासो एट 3-2 अ 3-1 के तहत मामला दर्ज किया था

अवैध रेत से भरे एक मिनी ट्रक और ट्रैक्टर को किया जब्त, खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

पीपुल्स संवाददाता ● उमरिया
editor@peoplessamachar.co.in

उमरिया जिले में अवैध खनन को लेकर पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जब्त किया है। पुलिस थाना में वाहनों को खड़ा किया है। जिले से सुदूर पाली तहसील के उमरिया और शहडोल की सीमा बनाने वाली मूढ़ना नदी से रेत का अवैध उत्खनन परिवहन में ओदरी, बेकली, बलबई क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन परिवहन में रेत लोड मिनी ट्रक (एमपी 18 जीए 4915) पर कार्रवाई करते हुए जब्त किया। वाहन के मालिक प्रतीक सिंह बघेल निवासी शहडोल हैं। वाहन को पुलिस चौकी घुनघुटी में खड़ा करवाया गया है। जिला मुख्यालय से लगे बड़ेरी पिपरिया क्षेत्र में डेंगहारा नदी से रेत लोड कर लाते हुए सतेंद्र नाथ शुक्ला निवासी बड़ेरी का नया ट्रेक्टर जिसका इंजन नंबर ई 3770653 को ट्राली के साथ जब्त किया है।

घर पर मिला वृद्धा का शव, अज्ञात चोरों पर लगा हत्या का आरोप

पीसं,अनूपपुर। अनूपपुर जिले के कोतमा थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़ानपुर के पतेरा टोला में रात घर में सो रहीं 75 वर्षीय वृद्धा की गला दबकार हत्या किये जाने मामला सामने आया, वहीं परिजनों का आरोप है कि अज्ञात द्वारा वृद्धा फूलझड़ी चौधरी पति स्व. जवालिया चौधरी की गला दबाकर हत्या कर पहने हुए सोने चांदी के जेवरात उतार कर मौके से फरार हो गया।

10 हजार के फरार इनामी बदमाश से चोरी के 67 मोबाइल किए जब्त

पीपुल्स संवाददाता ● कटनी
editor@peoplessamachar.co.in

जीआरपी पुलिस ने चोरी और लूट के मामले में 10 हजार रुपए के ईनामी एक फरार शातिर बदमाश को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए इनामी बदमाश के पास से जीआरपी ने लगभग सवा दस लाख रुपए कीमत के 67 चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। पकड़ा गया शातिर बदमाश यात्री ट्रेनों के आउटर एवं रेलवे स्टेशन में मोबाइल चोरी करने वाले आरोपियों से चोरी के मोबाइल खरीद कर बाजार में विक्रय करता था।जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि, लंबे समय से चोरी और लूट के मामले में फरार 10 हजार के इनामी बदमाश बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा निवासी नीरज पिता जगदीश चौधरी की तलाश थी। गत 28 नवंबर की देर रात लगभग 10 बजे पेट्रोलिंग के दौरान खिरहनी फाटक आउटर क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए उक्त आरोपी को पकड़ा गया।

घर में छिपा कर रखे थे चोरी के मोबाइल

पकड़े जाने के बाद आरोपी से जब शख्ती से पूछताछ की गई तो उसने खुलासा करते हुए चोरी के मोबाइलों को चोरों से खरीदना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खरीदे गए चोरी के मोबाइल उसने अपने ग्राम भदौरा स्थित घर में छुपा कर रखे हैं। आरोपी के पास से लगभग चोरी के 67 नग मोबाइल अलग-अलग कंपनियों के बरामद किए गए हैं।

भालू के हमले से घायल महिला के पति से डॉक्टर ने लिए 2 हजार रुपए

कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग

पीपुल्स संवाददाता ● अनूपपुर
editor@peoplessamachar.co.in

अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत भैनाडोंगरी गांव में एक वृद्ध महिला को डेढ़ माह पूर्व घर के पीछे भालू के काटने पर उपचार करने दौरान जैतहरी अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर द्वारा दबाव बनाकर महिला के पति से दो हजार रुपए ले लिए व 8 हजार की और मांग की गई।

जिससे परेशान पीड़ित ने अनूपपुर कलेक्टर को अपने साथ बीती घटना पर आवेदन प्रस्तुत कर डॉक्टर से रुपए वापस दिलाने एवं डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।जैतहरी तहसील के ग्राम पंचायत खोड़री अंतर्गत भैनाडोंगरी गांव में विगत 14 अक्टूबर की सुबह घर के पीछे एक 75 वर्षीय महिला इंद्रावती पति छोटेलाल सिंह मरावी दिशा मैदान के लिए गई रही तभी अचानक जंगल की ओर से आए एक भालू ने हमला करते हुए महिला को जमीन में पटक कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिसकी जानकारी पर परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी लाया गया जहां उपचार कर रहे डॉक्टर मुकेश शर्मा द्वारा उपचार के एवज में निरंतर पैसे की मांग किए जाने पर पति छोटेलाल ने 15 सौ रुपए डॉक्टर को अस्पताल में दिया, दूसरे दिन फिर से डाक्टर द्वारा और पैसा की मांग पर छोटेलाल ने अपने साथियों से लेकर 5 सौ रुपए डॉक्टर शर्मा को दिए। डॉक्टर ने 8 हजार की मांग फिर करने लगा, रुपए न दे पाने पर जिससे परेशान गरीब उपचार कराने एवं दस्तावेज बनवाने के लिए डॉक्टर शर्मा के पास ही नहीं गया वहीं वन विभाग के मैदानी कर्मचारी महिला के घायल प्रकरण बनाए जाने हेतु दस्तावेज की मांग कर रहे हैं एक तो भालू की हमले से घायल हुई पत्नी के उपचार कराने में परेशान हैं वहीं खेती-बाड़ी का समय होने पर वह ठीक से खेती भी नहीं कर पा रहा है। परेशान होकर छोटेलाल ने अनूपपुर कलेक्टर को अपने साथ बीती घटना की जानकारी पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रदान करते हुए डॉक्टर द्वारा लूटे गए रुपए को वापस दिलाने तथा डॉक्टर के विरुद्ध इस आशय से कठोर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

ICICI Home Finance
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, एकता टॉवर, आईसीआईसीआई बैंक के आगे, रीवा रोड, सतना-485001
शाखा कार्यालय : प्रथम मंजिल, प्लाट नं.46, आहूजा टॉवर, नेपियर टाउन, भवरताल स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, भवरताल गार्डन के पास, जबलपुर-482001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका सांकेतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्र मां क	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	सतीश कुमार गुप्ता (ऋणकर्ता) अनिल कुमार गुप्ता (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHJBL00001342601	ना मौजा मुडवारा मुनवीपल नं. 176 176/8 एनबी 493 पीएचएन 45/2 पी ओ केएचएन 1348/1 गुरूनानक वार्ड कटनी ना कटनी-483501	रू. 58,41,557/- नवम्बर 20, 2023	रू. 39,49, 560/- रू.3,94, 960/-	दिसम्बर 11, 2023 11:00 AM-03:00 PM	दिसम्बर 19, 2023 02:00 PM-03:00 PM
2.	अकबर खान(ऋणकर्ता) सबिना खान (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHJBL00001352345	ना रेसीडेंशियल मकान खसरा भाग नं. 125/1, पुराना 125/2, ब्लॉक नं.ए-2, पीएच नं. 22, न्यू 81, वार्ड नं. 74, आरएनएम महाराजपुर पनागर तहसील आधारताल जिला जबलपुर जबलपुर ना जबलपुर-482001	रू. 10,41,831/- नवम्बर 23, 2023	रू. 6,88, 905/- रू. 68,900/-	दिसम्बर 11, 2023 11:00 AM-03:00 PM	दिसम्बर 19, 2023 02:00 PM-03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 18 दिसम्बर 2023, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, एकता टॉवर, आईसीआईसीआई बैंक के आगे, रीवा रोड, सतना-485001 में 18 दिसम्बर2023 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, एकता टॉवर, आईसीआईसीआई बैंक के आगे, रीवा रोड, सतना-485001 को 18 दिसम्बर 2023 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) कटनी, जबलपुर - में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/
दिनांक : दिसम्बर 01, 2023
स्थान : कटनी, जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड